# युवा कोविड-19 टीकाकरण अपॉइंटमेंटें कैसे बुक करें

यह पन्ना दिखाता है कि कोविड-19 वैक्सीन प्राप्त करने के लिए युवाओं के लिए अपॉइंटमेंटें कैसे बुक करें।

जानने के लिए महत्वपूर्ण चीज़ें:

- 12 साल और उससे अधिक उम्र के युवाओं के लिए टीकाकरण सुरक्षित, प्रभावी और कोविड-19 से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।
- 12-17 वर्ष की आयु के युवा जो हाल्टन में रहते हैं या स्कूल जाते हैं, और 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छात्र जो इस फॉल में सेकन्डेरी स्कूल में लौट रहे हैं, अपॉइंटमेंटें बुक कर सकते हैं।
- युवाओं को जून में पहली खुराक और अगस्त के अंत तक दूसरी खुराक प्राप्त करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है।

## युवा कोविड-19 टीकाकरण अपॉइंटमेंटें कैसे बुक करें

1. ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए, हाल्टन के कोविड-19 टीकाकरण क्लीनिक वेबपेज पर जाएँ।

2. नीले बैनर में “बुक यौर अपॉइंटमेंट नाओ” पर क्लिक करें। वैक्सीन अपॉइंटमेंट बुकिंग फॉर्म तक पहुंचने के लिए, आपको क्रोम, सफारी, फायरफॉक्स या माइक्रोसॉफ्ट एज (केवल विंडोज 10) के नवीनतम संस्करण का उपयोग करना होगा।

   Book your appointment now
   Use the latest version of Chrome, Safari, Firefox or Microsoft Edge (windows 10 only)

3. "योग्यता" अनुभाग के तहत "**12-17 वर्ष के बच्चे और सेकन्डेरी स्कूल में लौटने वाले योग्य छात्र**" टाइल चुनें और नीचे दी गई आवश्यक जानकारी को पूरा करने के लिए नीचे स्क्रोल करें।

4. युवा की जन्म तिथि और पोस्टल कोड दर्ज करें। एलर्जियों के बारे में प्रश्न का उत्तर दें। कौन सी अपॉइंटमेंट बुक की जा रही है के बारे में प्रश्न का उत्तर दें (1ली और 2री खुराक) और “नेक्स्ट” क्लिक करें।

a. यदि आप “केवल दूसरी 2री खुराक” अपॉइंटमेंट बुक कर रहे हैं, तो आपको पहली खुराक की तिथि, कौन सी वैक्सीन दी गई थी और यदि पहली खुराक ओंटैरियो में दी गई थी बताने के लिए कहा जाएगा।

5. “क्लाइअन्ट जानकारी” के नीचे, प्रश्न का उत्तर दें यदि युवा अपॉइंटमेंट बुक कर रहा है या माता-पिता/अभिभावक उनकी ओर से बुक कर रहा है। युवा का पहला और आखरी नाम दर्ज करें। यदि युवा के पास ओंटैरियो हेल्थ कार्ड है, तो नंबर दर्ज करें। यदि उनके पास ओंटैरियो हेल्थ कार्ड नहीं है, तो पहचान का एक वैकल्पिक रूप चुनने के लिए “नहीं” चुनें, और पहचान नंबर दर्ज करें। यदि उनके पास सूचीबद्ध की गई वैकल्पिक आईडीओं (IDs) में से कोई भी नहीं है तो वे “अन्य” चुन सकते हैं और वैकल्पिक आईडी जैसे कि ओंटैरियो फोटो कार्ड या स्टूडेन्ट कार्ड के लिए नंबर दर्ज कर सकते हैं। यदि युवा के पास वैकल्पिक पहचान के रूपों में से  कोई भी प्रकार नहीं है तो अपॉइंटमेंट बुक करने कि लिए कृपया 311 को कॉल करें।

    a. युवा का लिंग, पता, फोन नंबर, ईमेल पता (उस व्यक्ति का ईमेल पता जिसे अपॉइंटमेंट पुष्टीकरण भेजा जाएगा) दर्ज करें और बताएँ यदि आप हाल्टन रीजन से अपनी अपॉइंटमेंट से संबंधित ईमेल संचार प्राप्त करना चाहते हैं। “नेक्स्ट” क्लिक करें।

6. “अपॉइंटमेंट चुनें” के नीचे 1ली खुराक का स्थान और अपॉइंटमेंट का समय चुनें “नेक्स्ट” क्लिक करें। 2री खुराक का स्थान और अपॉइंटमेंट का समय चुनें और “नेक्स्ट” क्लिक करें। (नोट: अपॉइंटमेंटों को एक ही स्थान पर होने की जरूरत नहीं है)।

7. “रिव्यू” के नीचे, इस प्रश्न का उत्तर दें कि क्या आप संभवतः पहले की अपॉइंटमेंट प्राप्त करने के लिए स्टैंडबाय सूची में रहना चाहेंगे या नहीं। सत्यापित करें कि प्रदान की गई जानकारी सही है या  नहीं और "अभी बुक करें" पर क्लिक करें।

8. “डन” के नीचे, 1ली और 2री खुराक के अपॉइंटमेंट के  मुहैया किए  गए  स्थान, तिथियों और समयों की पुष्टि करें। आप इस पन्ने को प्रिंट कर पाएंगे। यदि आपने ईमेल पता मुहैया किया है, तो आप अपॉइंटमेंट के विवरण के साथ पुष्टीकरण ईमेल प्राप्त करेंगे। आप अपॉइंटमेंट के दिन के नज़दीक एक रीमाइन्डर ईमेल भी प्राप्त करेंगे।

यदि आपको इन कदमों का पालन करके अपॉइंटमेंट बुक करने में परेशानी होती है, तो आप सहायता मांगने के लिए 311 पर फोन कर सकते हैं। 311 को तभी फोन करें यदि आप ऑनलाइन बुकिंग करने में असमर्थ हैं।